श्री सोबत सिंह बागड़ी ग्राम सेमलता, विकासखण्ड जखोली

श्री सोबत सिंह बागडी पुत्र श्री रती सिंह बागडी, ग्राम सेमलता, विकासखण्ड जखोली के मूल निवासी है। श्री बागडी का उद्यान जवाडी सेमलता रोड पर स्थित है। श्री बागडी पूर्व में पी0एन0बी0 बैंक में अधिकारी थे, बैंक से वी0आर0एस0 लेकर अपने निजी भूमि पर चट्टानों को काट कर खेत बनायें जिसमें उद्यान विभाग एवं स्वयं के द्वारा आम का रोपण किया गया। निरंतर पौधों का रोपण करते रहे, वर्तमान में उनके उद्यान में फल पौधों की संख्या निम्न है।

1–	आम	–	1100 सघन रोपण,
2–	नीबू प्रजाति	–	300 सघन रोपण
3–	कटहल	–	70

उद्यान विभाग द्वारा श्री बागडी जी को निम्न सहायता दी गयी।

1–	सिंचाई टैंक निर्माण	–	9 घनमीटर
2–	ड्रिप सिंचाई प्रणाली स्थापना	–	1.20 हैक्टेयर
3–	वर्मीकम्पोस्ट यूनिट	–	01 यूनिट
4–	घेरबाड़	–	1.50 हैक्टेयर

वर्ष 2019–20 में उद्यान में रोपित आम फल पौधों से प्रथम बार लगभग 20.00 कुन्तल आम फलों का उत्पादन हुआ है जिससे उन्हें ` 0.40 लाख की आमदनी प्राप्त हुई है आगामी वर्षों में प्रतिवर्ष आम,कटहल,नीबू लगभग 1000.00 कुन्तल उत्पादन की सम्भावना है। जिससे उन्हें प्रति वर्ष लगभग ` 15.00 लाख आय प्राप्त होने की सम्भावना है। श्री बागडी प्रवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।